# सीएम ने क्रांति गौड़ को किया सम्मानित

**01** करोड़ रुपए का चेक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान दिया | **150** वीं भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित गौरव दिवस | **12** वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार दिया

**जबलपुर, 15 नवम्बर. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड सदर में आयोजित राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय समुदाय की उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान किया. कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले युवा, कलाकार, खिलाड़ी, समाजसेवी और सिकल सेल एनीमिया पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सक शामिल रहे.**

## प्रदेश को गौरवान्वित करने वाली जनजातीय प्रतिभाओं का सम्मान




कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं छतरपुर जिले की होनहार महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़, जिन्होंने हाल ही में सम्पन्न आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. मुख्यमंत्री ने उन्हें 1 करोड़ रुपए का चेक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. उनके सम्मान पर कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा.

इसके साथ ही जनजातीय कला, संस्कृति और सामाजिक योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया. सम्मान पाने वालों में पद्मश्री अर्जुन सिंह धुर्वे, फुलझारिया बाई, उजियारो बाई, विक्रम अवॉर्डी रागिनी मार्को और सृष्टि सिंह शामिल रहीं. राज्य शासन के सहयोग से विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों आशाराम पालवी और रवि मेड़ा को भी मंच से सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के युवाओं को भी प्रोत्साहित किया गया. विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए वर्ग के छह अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए. राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम जनजातीय युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं और मुख्यधारा के रोजगार में आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है.

> इसके अलावा, कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनजातीय समुदाय के दो मेधावी विद्यार्थियों को महाराजा शंकर शाह और रानी दुर्गावती मेधावी पुरस्कार प्रदान किए गए. मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का आधार है और सरकार उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. जनजातीय गौरव दिवस का यह राज्यस्तरीय समारोह प्रदेश भर से आए आदिवासी समुदाय के हजारों लोगों की उपस्थिति में उत्साहपूर्ण माहौल के साथ सम्पन्न हुआ.



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल आज ग्वालियर में

**भोपाल.** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को ग्वालियर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरूण चुघ, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 16 नवंबर को दोपहर दो बजे ग्वालियर के आकाशवाणी तिराहा स्थित होटल रमाया में ग्वालियर-चंबल संभाग की विशेष गहन पुनरीक्षण एसआरआई को लेकर संभागीय बैठक को संबोधित करने के बाद स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे.

## मंत्रालय के गलियारों से



कन्हैया लोधी

### अफसरों के बीच शीतयुद्ध

मंत्रालय में बेहद ताकतवर अफसरों के बीच अघोषित शीतयुद्ध चल रहा है. इस शीतयुद्ध के सूत्रधार एक बड़े अफसर हैं, जिनकी तूती चारों तरफ बोल रहा है. कुछ माह पहले पॉवर गेम में एक दूसरे अफसर को मात देने के बाद उनका रूतबा और बढ़ गया है. बताया जा रहा है कि उन्होंने दो ऐसे अफसरों को टारगेट पर लिया है, जिसे वे व्यक्तिगत रूप से पसंद नहीं करते हैं. एक अफसर से उनकी अदावत की बात तो समझ आ रही है, लेकिन दूसरे अफसर से उनकी अदावत की वजह बाहर निकलकर नहीं आ रही है. ऐसे में माना जा रहा है कि जिन दो अफसरों को टारगेट पर लिया गया है, उनकी रक्षा अब सरकार ही कर सकते हैं.

### चुनाव ड्यूटी के बाद अब वेकेशन की चाहत

हाल ही में बिहार विधानसभा के चुनाव हुए. इस चुनाव के लिये मप्र के भी कुछ आईएएस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई थी. वे चुनाव आयोग की ओर से आब्जर्वर बनकर वहां गये थे. चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के साथ ही मतगणना कराने में भी उनकी बड़ी जिम्मेदारी रही है. अब मतगणना होने के बाद इन अफसरों की मप्र वापसी का सिलसिला अगले सप्ताह से शुरू होगा. बताया जा रहा है कि इन अफसरों ने अभी से साल के अंत में वेकेशन के लिये आवेदन लगा दिया है. ऐसे लगभग आधा दर्जन अफसर अब वेकेशन के मूड में हैं.

### चुनाव जीताने का सुख

प्रदेश के एक कद्दावर नेता को बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एक विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था. नेताजी ने संगठन की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए क्षेत्र में मोर्चा संभाला. उनका राजनीतिक अनुभव और चुनाव मैनेजमेंट काम आया और भाजपा उम्मीदवार यहां से आसानी से चुनाव जीत गये. इस नतीजे से नेताजी को संतोष है, कि चलो जो जिम्मेदारी मिली, उस पर खरे उतरे. वैसे ये साहब पिछले चुनाव में अपनी सीट नहीं बचा पाये थे, भले ही वे चुनाव नहीं जीत पाये हों, लेकिन चुनाव जीताने का भी एक अलग ही सुख है, जिसका वे अब आनंद ले रहे हैं.

### राज्यमंत्री के भाई का बर्थ डे सेलेब्रेशन चर्चा में

प्रदेश के एक राज्य मंत्री के भाई का बर्थ डे सेलेब्रेशन इन दिनों चर्चा में है. हांलाकि घटना प्रदेश से बाहर का है, लेकिन सोशल मीडिया के जमाने में क्या बाहर और क्या अंदर... इस खबर को यहां तक पहुंचने में देर नहीं लगी. बताया जा रहा है कि दंबगई से कार की बोनट पर केक काटा गया. वे रसूख का इजहार करते रहे. अब भाई के इस अंदाज का दूसरे भाई पर क्या असर होता है, ये तो आने वाले दिनों में ही पता चल सकेगा.

## कलेक्टर के नाम पर ठगी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**खरगोन, 15 नवम्बर. मध्यप्रदेश के खरगोन जिले की कलेक्टर भव्या मित्तल की फर्जी प्रोफ़ाइल बनाकर व्हाट्सएप एप पर राशि मांगने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर के नाम से राशि मांगे जाने के मामले में प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से विवेचना की गई थी. इस मामले में पाया गया कि रीवा के एक एटीएम से राशि निकाली गई है. इसके बाद बैंक से संपर्क कर सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से राशि निकालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित किया गया.

उन्होंने बताया कि बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर के आधार पर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने केवल अकाउंट खुलवाने में मदद की थी, और जिन लोगों ने राशि निकाली है वह फरार हैं.

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयास कर रही है. उन्होंने बताया कि जो आरोपी अभी पकड़े गए हैं उन्होंने फर्जी नाम से सिम निकाल कर एक फर्जी अकाउंट खुलवाने में मदद की थी.

## कांग्रेस बैठक में अन्याय और उपेक्षा पर चिंता जताई

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 15 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किए गए भगवती प्रसाद चौधरी की उपस्थिति में आयोजित यह बैठक उनके प्रथम आगमन पर विभागीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गए गर्मजोशीपूर्ण स्वागत के साथ शुरू हुई.**



बैठक में पार्टी संगठन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की भूमिका, महत्व और उनकी सक्रिय भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई. अपने उद्बोधन में चौधरी ने इन समुदायों के साथ हो रहे अन्याय और उपेक्षा पर गंभीर चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि पार्टी इस समय संघर्ष और चुनौती के दौर से गुजर रही है, ऐसे में संगठन की एकता और मजबूती अत्यंत आवश्यक है. हमें अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ना होगा, उन्होंने कहा. विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और सभी सदस्यों से सामूहिक प्रयासों के साथ पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया. उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की ओर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग पार्टी की संगठनात्मक और राजनीतिक शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है.

> बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं डॉ. महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व महापौर दीपचंद यादव, हेमंत नरवरिया, विक्रम चौधरी, रवि वर्मा और हिरदेश किरार ने भी अपने सुझाव रखे और संगठन के विस्तार हेतु एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई. अंत में चौधरी ने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति समुदाय के अधिकारों, सम्मान और प्रतिनिधित्व के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता को उचित सम्मान और स्थान दिया जाएगा.

## सरकार खरीदे 24 रुपये किलो प्याज

### निर्यात पर रोक हटे : रेल रोकने की चेतावनी देते हुए ट्रैक के पास जुटे हजारों किसान

**खंडवा, 15 नवम्बर. प्याज, मक्का और सोयाबीन के अच्छे दाम न मिलने से नाराज़ किसान अब आंदोलन की तैयारी में उतर आए हैं. खंडवा-भुसावल रेलखंड के टिगरिया क्षेत्र में हजारों किसान एकत्र होकर रेल रोको आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं. किसानों का कहना है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे रेलवे ट्रैक जाम कर देंगे.**

**सांसद का आश्वासन- समस्या जल्द हल होगी**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने किसानों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि उनकी सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है. उन्होंने कहा, प्याज के उचित दाम, सोयाबीन के नुकसान का मुआवजा, मक्का की कीमत और कपास की सीसीआई द्वारा खरीद हमारी प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री पहले ही सोयाबीन के अंतर की राशि किसानों के खातों में जमा करा चुके हैं. यह समस्या भी जल्द हल कर दी जाएगी.

बड़ी संख्या में किसान रेलवे ट्रैक से करीब 500 मीटर दूर जमा होने लगे. किसानों ने साफ कहा कि वे अपनी मांगों पर ठोस आश्वासन चाहते हैं. उनके अनुसार प्याज के निर्यात पर रोक हटाई जाए या फिर महाराष्ट्र की तर्ज पर 24 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदी की जाए.

## लगातार बढ़ रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** भावांतर योजना 2025 के तहत सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार इजाफा हो रहा है. सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए शनिवार 15 नवंबर को 4225 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है. इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी.

## प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बढ़ता है मनोबल, हार-जीत की न करें परवाह : श्री वर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा 15 नवंबर, शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं छात्रों के बीच में उपलब्ध हुई। जिसमें छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**



विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.एसके वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मनोबल बढ़ता है, कई छात्र पहले ही हार की परवाह कर लेते हैं और प्रतियोगिताओं से पीछे हटते हैं लेकिन ऐसा नहीं करना चाहिए क्योंकि हार के बाद जीत अवश्य मिलती है, इसके लिए इंसान को एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए और खुद को पहले से बेहतर करते हुए और बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। छात्रों के बीच भाषण, निबंध, रंगोली, मेहंदी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ.साधना मंडलोई व प्रो.रमेश पटेल ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.केएन मिश्रा, डॉ.श्रीकांत शुक्ला, डॉ.स्वेता तिवारी, डॉ.भावना सिंह, प्रो.सोनालिका शुक्ला, डॉ.रेखा प्रजापति, डॉ.आरती तिवारी, डॉ.निर्मला शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा। निर्णायक मंडल में रूख्सार अली, डॉ.अर्चना शुक्ला, डॉ.लक्ष्मी त्रिपाठी, डॉ.रश्मि पटेल, डॉ.लवी सिंह व डॉ.अरूणा मिश्रा शामिल रहे।



## मंत्री पटेल पहुंचे दंदरौआ धाम

**ग्वालियर, 15 नवंबर. प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भिण्ड जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम पहुंचकर डॉ हनुमान जी के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा अर्चना की.**

इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया भी थे. मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई और प्रभारी मंत्री पटेल ने प्रदेश की तरक्की, खुशहाली और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की.

## प्रदेश में कड़ाके की ठंड सात दिन से शीतलहर जारी

**भोपाल, 15 नवम्बर. मध्यप्रदेश में बीते एक सप्ताह से लगातार बढ़ रही ठंड ने प्रदेशवासियों को कंपा दिया है. पिछले 24 घंटों के दौरान सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा, लेकिन शीतलहर और तीव्र शीतलहर की स्थिति कई जिलों में कायम रही. सिहोर, इंदौर, शाजापुर, सतना, शहडोल, जबलपुर, खजुराहो, नौगाँव और शिवपुरी में शीतलहर दर्ज की गई, जबकि भोपाल, राजगढ़ और रीवा में तीव्र शीतलहर का प्रभाव रहा.**

**16 नवंबर तक अलर्ट**
**17 से मिल सकती है राहत**



अधिकतम तापमान में बीते 24 घंटों के दौरान कोई विशेष परिवर्तन नहीं देखा गया. भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर और सागर संभागों के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.6 से 2.9 डिग्री कम दर्ज हुआ.

अन्य जिलों में तापमान सामान्य रहा. इस बीच, दक्षिण श्रीलंका और दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बने ऊपरी वायुमंडलीय चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से 15 नवंबर की सुबह एक निम्न दबाव क्षेत्र सक्रिय हुआ, जो अगले 24 घंटों में पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में बढ़ेगा.

> न्यूनतम तापमान में भी गिरावट का रुझान जारी है. भोपाल और रीवा संभाग के जिलों में रात का तापमान सामान्य से 5.3 से 7.5 डिग्री कम रहा. इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर संभागों में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.5 से 4.9 डिग्री कम दर्ज किया गया. नर्मदापुरम और शहडोल संभाग में यह गिरावट 1.6 से 2.6 डिग्री रही.

## रीवा में लॉन्च किया चिक क्विक क्रेम हेयर कलर

### केविनकेयर का चिक क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में प्रवेश

नवभारत न्यूज

**रीवा 15 नवंबर,** केविनकेयर का चिक ब्रांड, रीवा के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में एक क्रांतिकारी उत्पाद ङ्क चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है। इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान व समय-बचाने वाला बनाता है। इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है। यह लॉन्च चिक के उस मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें हर घर तक इनोवेटिव और आसान हेयर कलरिंग सॉल्यूशंस पहुंचाना शामिल है। ब्रांड ने लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है और राज्य में एक व्यापक




मार्केटिंग कैंपेन शुरू किया है, जिसमें प्रिंट, ऑनलाइन और डिजिटल माध्यम शामिल हैं। चिक क्विक क्रेम हेयर कलर एक सिंगल-यूज़ सैशे में उपलब्ध है, जो अन्य क्रेम हेयर कलर्स से अलग एक सुविधाजनक पैक है। यह उपभोक्ताओं की मुख्य समस्याओं ङ्क लंबे समय तक लगने वाली एप्लीकेशन, रूखापन और पाउडर फॉर्मेट में होने वाली गंदगी - को दूर करता है। यह प्रोडक्ट कम तैयारी के साथ एक स्मूद कलरिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

**मीडिया से बातचीत** | पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले-मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी दो अंकों में भी नहीं आएंगे

## बिहार में मुख्यमंत्री का फैसला संसदीय बोर्ड करेगा

**ग्वालियर, 15 नवम्बर . बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बंपर जीत के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका निर्णय बीजेपी का संसदीय बोर्ड ही करेगा. ग्वालियर में मीडिया से बातचीत के दौरान मिश्रा ने कांग्रेस और महागठबंधन पर तीखा हमला बोला.**



उन्होंने कहा कि महागठबंधन में शामिल दल विरासत की रियासत चलाना चाहते हैं. उनके अनुसार, सोनिया के बाद राहुल, फिर प्रियंका और उसके बाद आगे इनकी लंका. मुलायम के बाद अखिलेश, फिर डिंपल — यही परिवारवाद है. इन दलों को जनता की सेवा नहीं, परिवार की सत्ता चाहिए.

> उन्होंने कहा, कांग्रेस का कॉन्सेप्ट साफ है — राहुल पर सवाल न उठे, इसलिए ईवीएम पर उठाओ. फिर वोट चोरी का राग अलापो. मिश्रा के बयान ने एक बार फिर बिहार चुनाव परिणामों को लेकर राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा तेज कर दी है.

मिश्रा ने दावा किया कि बिहार में जनता ने वोट चोरी के आरोप लगाने वालों को कड़ा जवाब दिया है. उन्होंने कहा, 2025 मोदी जी संग नीतीश, 2025 आरजेडी फिनिश — तस्वीर अब साफ है.

भाजपा नेता ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं की भविष्यवाणियाँ धराशायी हुईं. मैंने पहले ही कहा था कि राहुल गांधी दो अंकों में भी नहीं आएंगे, और कांग्रेस 10 सीटें भी नहीं ला पाई. चुनाव से पहले पचमढ़ी घूमने आना बताता है कि वे चुनाव को गंभीरता से लेते ही नहीं. जंगल सफारी करेंगे तो जीत कहाँ से आएगी?

नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी पर निशाना जारी रखते हुए कहा कि हार के बाद कांग्रेस फिर वोट चोरी और ईवीएम पर सवाल उठाना शुरू कर देगी.

## पुराने टायरों से भरे कंटेनर में भीषण आग लगने से कंटेनर खाक

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के नूराबाद थाना क्षेत्र स्थित जड़ेरुआ औद्योगिक क्षेत्र में आज पुराने टायरों से भरे एक कंटेनर में अचानक भीषण आग लगने से टायरों सहित कंटेनर पूरी तरह से जलकर खाक हो गया. चालक मुकेश ओर क्लीनर छोटू ने कंटेनर से कूदकर जान बचाई. पुलिस सूत्रों के अनुसार चालक गुजरात के मुद्रा पोर्ट से कंटेनर में पुराने टायर भरकर मुरैना के नूराबाद थाना क्षेत्र स्थित जड़ेरुआ औद्योगिक क्षेत्र में अंजली केमिकल्स फैक्ट्री में लाया था, तभी बिजली के तारों से कंटेनर संपर्क में आने से उसमें आग लग गई जिससे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया. आसपास के क्षेत्र में दूर दूर तक आग की लपटें ओर धुंआ दिखाई दिया. पहले स्थानीय लोगों ने आग बुझने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका.


**-: विज्ञप्ति :-**

वन सुरक्षा समिति सिमरिया, उत्तर वनमंडल पन्ना के अंतर्गत अनुमानित 5000 बांस भिर्रों की सफाई/कटाई कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी खुली बोली स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड में दिनांक 17.11.2025 को प्रात: 11.00 बजे आयोजित की जानी है। उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक, बांस भिर्रा सफाई/कटाई कार्य का अनुभव रखने वाले अनुभव दस्तावेजों सहित स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड में दिनांक 17.11.2025 को प्रात: 11.00 बजे आमंत्रित है।

**अध्यक्ष, वन सुरक्षा समिति सिमरिया**

**-: विज्ञप्ति :-**

वन सुरक्षा समिति अमझिरिया, उत्तर वनमंडल पन्ना के अंतर्गत अनुमानित 3000 बांस भिर्रों की सफाई/कटाई कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी खुली बोली स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड में दिनांक 17.11.2025 को प्रात: 11.00 बजे आयोजित की जानी है। उक्त कार्य करने हेतु इच्छुक आवेदक, बांस भिर्रा सफाई/कटाई कार्य का अनुभव रखने वाले अनुभव दस्तावेजों सहित स्मृतिवन पन्ना ईको सेन्टर भवन छतरपुर रोड में दिनांक 17.11.2025 को प्रात: 11.00 बजे आमंत्रित है।

**अध्यक्ष, वन सुरक्षा समिति अमझिरिया**